# अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

24 अकबर रोड नई दिल्ली-110011

मीडिया विभाग

## प्रेस विज्ञप्ति

**मार्च 11, 2017**

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, Incharge Media Deptt. AICC ने निम्नलिखित बयान जारी किया।**

कांग्रेस पार्टी पंजाब की शानदार जीत व गोवा तथा मणिपुर के बहुमत के जनादेश के लिए तीनों राज्यों की जनता का दिल से धन्यवाद करती है। हमें विश्वास है कि तीनों राज्यों मेें हम कांग्रेस का परचम लहरांएंगे व कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी 2 लाख की बढ़त से अमृतसर लोकसभा सीट पर भी विजयी हो रही है।

कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी जी; कांग्रेस उपाध्यक्ष, श्री राहुल गाँधी जी व कांग्रेस नेतृत्व की ओर से हम पंजाब, गोवा व मणिपुर के जागृत मतदाताओं तथा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने कांग्रेस की नीतियों में अपना विश्वास व्यक्त किया है।

देश के तीनों कोनों, उत्तर, दक्षिण और पूर्व में यानि पंजाब, गोवा और मणिपुर में कांग्रेस का परचम लहरा कर देश के लोगों ने उन सब व्यक्तियों और ताकतों को जवाब दिया है जो दिनरात 'कांग्रेस मुक्त भारत' का स्वप्न देख रहे थे। सच्चाई और अहंकार का अंतर इस जनादेश से स्पष्ट है। कांग्रेस इस देश के लोगों की आत्मा व दिल में है और हम इसे कोई ताकत नहीं मिटा सकती।

हम भाजपा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व श्री अमित शाह को उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड़ की जीत के लिए बधाई देते हैं। हम इन दोनों राज्यों में जनादेश को सिर झुका कर स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेतृत्व व कार्यकर्ता दोनों राज्यों में हार की समीक्षा करेगा और नए सिरे से पार्टी को मजबूत करने और जनता की आवाज बनने का काम आज से ही शुरु करेंगे।

हमें उम्मीद है कि अब भाजपा 'शमशान- कब्रिस्तान' की राजनीति से उपर उठ कर 'विकास व भाईचारे' के ऐजेंडे पर काम करेगी, जो उत्तर प्रदेश की 'गंगा- जमुना तहजीब' का अभिन्न अंग है। हम ये भी उम्मीद करते हैं कि भाजपा और मोदी जी उत्तरप्रदेश में किए वायदों को पूरा करेंगे, चाहे वो किसान की कर्जा माफी हो, किसान को फसलों की लागत पर 50% मुनाफा देना हो, नौजवानों के लिए रोजगार हो या नए उद्योग धँधे स्थापित करना हो।

कांग्रेस अपनी ऐतिहासिक व भविष्य की जिम्मेवारी का निर्वहन करेगी व दोनों राज्यों मेें जनता के प्रहरी के तौर पर काम करेगी। हम सपा – कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद करते हैं जिन्होंने दोनों प्रदेशों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए अनथक कार्य किया है।